| | | |
|---|---|---|
| ज्ञान शांति मैत्री | **महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**<br>(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)<br>**जनसंपर्क कार्यालय**<br>**PUBLIC RELATIONS OFFICE** | आज़ादी का अमृत महोत्सव |

**हिंदी विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया अभिवादन**

वर्धा, 30 जनवरी 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 'शहीद दिवस' के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अभिवादन किया गया। मंगलवार 30 जनवरी को गांधी हिल्स पर पूर्वाह्न 11:00 बजे ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 'शहीद दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में







विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. भीमराय मेत्री ने ऑनलाइन सहभागिता की। कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया, अनुवाद एवं निर्वचन

विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अखिलेश कुमार दुबे, विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, हिंदी साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार, वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय, साहित्य विभाग की प्रो. प्रीति सागर ने गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अभिवादन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर तथा मौन धारण कर अभिवादन किया। प्रारंभ में प्रदर्शनकारी कला विभाग के संगीत शिक्षक डॉ. तेजस्वी एच. आर. ने 'वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे' और 'रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम' भजन प्रस्तुत किए। उनके साथ जीवन बांगडे ने तबले पर तथा हेमेंद्र योगी ने हार्मोनियम पर संगत की। कार्यक्रम में वर्धा मुख्यालय के अध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों सहित क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता, प्रयागराज एवं सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिद्धपुर, अमरावती के अध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने ऑनलाइन सहभागिता की।

**हिंदी विश्वविद्यालयात महात्मा गांधी यांना पुण्यतिथीनिमित्त केले अभिवादन**

वर्धा, 30 जानेवारी 2024 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी यांच्या पुण्यतिथीनिमित्त 'शहीद दिनी' महात्मा गांधीजींच्या पुतळ्यास पुष्पांजली अर्पण करून अभिवादन करण्यात आले. मंगळवार, 30 जानेवारी रोजी गांधी हिल्स येथे सकाळी 11:00 वाजता ऑनलाइन आणि ऑफलाइन माध्यमातून 'शहीद दिना'चे आयोजन करण्यात आले. विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू डॉ. भीमराय मेत्री यांनी कार्यक्रमात ऑनलाइन सहभाग घेतला. कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया, अनुवाद व निर्वचन विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अखिलेश कुमार दुबे, विधि विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, हिंदी साहित्य विभागाचे अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार, वर्धा समाज कार्य संस्थानचे निदेशक प्रो. बंशीधर पांडे, साहित्य विभागाच्या प्रो. प्रिती सागर यांनी गांधीजीच्या मूर्तीवर पुष्पांजलि अर्पित करून तसेच मौन पाळून अभिवादन केले. यावेळी विश्वविद्यालयातील शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी आणि विद्यार्थ्यांनीही अभिवादन केले. प्रारंभी प्रदर्शनकारी कला विभागाचे संगीत शिक्षक डॉ. तेजस्वी एच.आर. यांनी 'वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे' व 'रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम' भजन सादर केले. जीवन बांगडे यांनी तबल्यावर तर हेमेंद्र योगी यांनी हार्मोनियमवर संगत केली. कार्यक्रमात वर्धा मुख्यालय, क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता, प्रयागराज व सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा आणि तत्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिद्धपूर, अमरावती येथील शिक्षक, कर्मचारी आणि विद्यार्थ्यांनी ऑनलाइन सहभाग घेतला.